


पास्टर टोनी अलामो | दी अलामो क्रिश्चियन नेशन | वॉल्यूम 22200

# डरपोक और अविश्वासी

**- टोनी अलामो**

प्रकाशितवाक्य 21:8 में कहा गया है, “लेकिन डरपोकों, आत्मविश्वासियों, घिनौनों, हत्यारों,व्यभिचारियों, जादूगरों, मूर्तिपूजकों और सब झूठों का भाग आग और गन्धक से जलती हुई झील में मिलेगा: यह दूसरी [और अंतिम] मृत्यु है।” समस्या यह है कि आग की झील अनन्त मृत्यु जो कभी समाप्त नहीं होती।[1]



*पास्टर टोनी अलामो और सुसैन अलामो 1972 में लिया गया फोटो*

ध्यान दें कि इस धर्मग्रंथ में, ऊपर सूचीबद्ध सभी पापों में डरपोक और अविश्वासी सबसे ऊपर हैं जो आपकी आत्मा को अग्नि की झील में डाल देंगे। इसका कारण यह है कि ये पवित्र आत्मा की ईश निन्दा को छोड़कर सबसे बुरे पाप हैं (ये पवित्र आत्मा की ईश-निन्दा के समान हैं), क्योंकि जो व्यक्ति प्रभु की अपेक्षा शैतान से डरता है वह अपनी खाल बचाने के लिए आपको धोखा देगा। इसके अलावा, यह प्रभु को धोखा देने के समान है, जैसाकि यहूदा इस्करियोत ने किया था, क्योंकि हम, जिनकी रक्षा हुई है मसीह के शरीर हैं जिनमें वे इस दुनिया में हर समय रहते हैं।[2] इसलिए हम मसीह हैं।

मत्ती 24:9-10 में यीशु ने अंतिम दिनों के बारे में कहा है, “तब वे क्लेश दिलाने के लिए तुम्हें [सच्चे ईसाइयों को] पकड़वाएँगे और तुम्हें मार डालेंगे और मेरे नाम के कारण सब देशों के लोग तुम से घृणा करेंगे। तब बहुतेरे ठोकर खाएँगे और एक दूसरे को पकड़वाएँगे और एक दूसरे के प्रति मन में घृणा रखेंगे।”

यदि आप जीवन की नदी में रह रहे हैं, जो पवित्र आत्मा और यीशु है, तो आपके लिए डरना असंभव हो जाएगा इस प्रसंग में कि आपकी आत्मा आग की झील में डाल दी जाएगी।[3] ऐसा इसलिए क्योंकि "क्योंकि ईश्वर ने हमें भय [डरपोक] की नहीं, शक्ति, प्रेम और स्वस्थ मस्तिष्क की आत्मा दी है। इसलिए हमारे प्रभु की गवाही से और मुझसे जो उसका कैदी हूँ, लज्जित न हो, पर उस परमेश्वर की शक्ति अनुसार सुसमाचार के लिए मेरे साथ दु:ख उठा; जिसने हमारा उद्धार किया है और हमें एक पवित्र बुलाहट से बुलाया है, यह हमारे कर्मों के अनुसार नहीं, बल्कि उसके स्वयं के प्रयोजन [उसके कार्य] और शक्ति के अनुसार है जो मसीह यीशु में सनातन से हम पर हुआ है, अब हमारे उद्धारकर्ता मसीह यीशु के प्रकट होने से प्रकाश हुआ, जिसने मृत्यु का नाश किया, जीवन और अमरता को उस सुसमाचार से प्रकाशमान कर दिया।” (2 तीमुथियुस 1:7-10)।

प्रभु का भय मानना ज़रूरी है क्योंकि प्रभु का भय मानना समझदारी की शुरूआत है; प्रभु का भय ज्ञान की शुरुआत है (नीतिवचन 1:7); प्रभु का भय बुद्धि की शुरुआत है (नीतिवचन 9:10)।[4] ईश्वर से डरना और उसके आदेशों का पालन करना बुद्धिमानी है।[5]

सभोपदेशक 12:11-14 में कहा गया है, “बुद्धिमानों के वचन पैनों [किसी को उकसाने के लिए तीखे वचन] के समान होते हैं, सभाओं के प्रधानों [ईश्वर के वचन] के वचन गाड़ी हुई कीलों के समान हैं, जो उसी चरवाहे की ओर से दी जाती हैं [‘प्रभु मेरा चरवाह है’, जो मसीह है, जो मेरा मार्गदर्शन करता है(भजनसंहिता 23:1)]। हे मेरे पुत्र, इन्हीं से चौकसी सीख: बहुत सी पुस्तकों की रचना करने का कोई अंत नहीं है; अधिक पढ़ना शरीर थका देता है। आओ पूरी विषय-वस्तु का निष्कर्ष सुनें: ईश्वर का भय मान और उसकी आज्ञाओं का पालन कर: क्योंकि मनुष्य का संपूर्ण कर्तव्य यही है। क्योंकि ईश्वर सब कामों और सब गुप्त बातों का, चाहे वे भली हों या बुरी, न्याय करेगा।” लेकिन शैतान से – किसी बुराई से भय मानना बेहद पापपूर्ण है, पापों की सूची में सबसे ऊपर है।[6] “चाहे मैं मृत्यु की छाया की घाटी में चलूँ, तो भी मैं किसी बुराई से नहीं डरूँगा:[7] क्योंकि तू [प्रभु] मेरे साथ रहता है; तेरे डण्डे और तेरी लाठी से मुझे आराम मिलता है [जिसका आशय है आप द्वारा दंडित किया जाना, क्योंकि यह मुझे बताता है कि मैं कब गलत हूँ और मुझे नरक और आग की झील से दूर रहने में मेरा मार्गदर्शन करता है;[8] आपकी लाठी मेरी मार्गदर्शक है, जो मुझे प्रलोभनों से दूर रखती है।]” (भजन संहिता 23:4)।

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

**1** मरकुस 9:43-48, लूका 3:16-17, 16:19-26, यहूदा 6-7, प्रकाशितवाक्य 14:9-11, 19:20, 20:10-15 **2** युहन्ना 14:8-19, 17:11, 21-26, रोमियों 12:4-5, 1 कुरिन्थियों 3:16-17, 6:15-20, 10:16-17, 12:12-14, 27, 2 कुरिन्थियों 4:5-14, 5:17-21, गलतियों 3:25-28, इफिसियों 1:4-6, 2:10-22, 4:4-6, इब्रानियों 2:11, प्रकाशितवाक्य 3:21 **3** भजन संहिता 1:1-4, यशायाह 44:1-4, 55:1-3, यिर्मयाह 2:13, 17:7-8, 13, यहेजकेल 47:1-12, जकर्याह 14:8, युहन्ना 4:7-14, 6:35-40, 53-58, 7:37-39, 14:6, प्रेरितों के काम 1:8, 4:31, प्रकाशितवाक्य 7:17, 21:6, 22:1-5 **4** अय्यूब 28:28, भजन संहिता 111:10, 112:1, नीतिवचन 2:1-12, 3:7, 9:10-12, 13:13, 14:2, 26-27, 15:33, सभोपदेशक 12:13-14 **5** निर्गमन 20:20, व्यवस्थाविवरण 4:1-10, 5:29, 32-33, 6:1-2, 24, 10:12, 20, 13:4, भजन संहिता 25:12-14, 103:13, 17, भजन संहिता 112:1-3, 115:11, 13, नीतिवचन 1:23-33, 3:13-26, 16:6, 19:23, सभोपदेशक 8:12-13, यशायाह 8:13, 33:6, 66:2, यिर्मयाह 2:19, 32:39-40, मलाकी 3:16-18, 4:1-3, मत्ती 10:28, 1 पतरस 1:17 **6** भजन संहिता 118:4-17, नीतिवचन 29:25, यशायाह 51:12-13, मत्ती 10:28, फिलिप्पियों 1:27-29, इब्रानियों 10:38-39, 13:5-6, प्रकाशितवाक्य 21:8 **7** 1 शमूएल 17:37, अय्यूब 13:15, यशायाह 26:3-4, दानिय्येल 3:16-18, मत्ती10:16-31

# डरपोक और अविश्वासी

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

ईश्वर किसी को केवल डरपोक और अविश्वासी, जो पापों की सूची में सबसे ऊपर हैं, होने पर आग की झील में क्यों डालेगा? एक बार फिर से, ऐसा व्यक्ति जो ईश्वर से तो नहीं डरता है, लेकिन शैतान से डरता है, वह आपको धोखा देगा जब आप मुसीबत में होंगे और इससे भी बढ़कर, प्रभु के शरीर को धोखा देगा, जो कि पृथ्वी पर उसके कार्य करने वाली उसकी चर्च है। यह उन संकेतों में से एक है जिन्हें यीशु हमें समय के अंत के बारे में बताते हैं।

"ये सब बातें पीड़ाओं का आरम्भ होंगी। तब वे क्लेश दिलाने के लिए तुम्हें पकड़वाएँगे, तुम्हें मार डालेंगे और मेरे नाम के कारण सब देशों के लोग तुम से नफ़रत करेंगे। और [फिर से] बहुत से अपमानित किए जाएँगे, एक-दूसरे को धोखा देंगे, एक-दूसरे से नफ़रत करेंगे। कई नकली भविष्यवक्ता [झूठे] उठ खड़े होंगे, बहुतों को भरमाएँगे। अधर्म [दुष्टता, पाप] के बढ़ने से बहुतों का प्रेम ठण्डा हो जाएगा [ईश्वर के आदेशों का पालन नहीं किया जाएगा]। लेकिन जो अंत तक धीरज रखेगा [पवित्र आत्मा में बना रहेगा] उसी का उद्धार होगा। राज्य का यह सुसमाचार सारे जगत में प्रचारित होगा, फिर जब सब देशों पर गवाही होगी, तब अंत आ जाएगा। अत: जब तुम उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को देखो, जिसकी चर्चा दानिरूयेल भविष्यवक्ता द्वारा की गई थी, तो पवित्र स्थान में खड़े हो जाना" (मत्ती 24:8-15)।

यह पृथ्वी की नैतिक, सभ्य, ईश्वरीय सरकार और इसकी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जानबूझकर नष्ट करना है और ईश्वर के आदेशों का ज़बरदस्त अनादर है। यह चौथा और अंतिम धर्मनिरपेक्ष साम्राज्य है, जो कि पूरी तरह से शैतानी है।[9] ऐसा इसलिए है कि दुनिया के नागरिकों का मसीह विरोधी विश् सरकार और साम्राज्य की शैतानी नीति में ज़बरन मत परिवर्तित कर दिया गया है। दानिय्येल का सातवाँ अध्याय हमें इस सरकार के बारे में बताता है, जो कि घृणित है। दानिय्येल हमें दिखाता है कि जिस सरकार के अंतर्गत हम इस समय रह रहे हैं, वह घृणा योग्य सरकार है। "घृणा" शब्द का अर्थ है घृणित, नीच कार्य। यह सरकार ईश्वर के वचन और स्वयं ईश्वर से नफ़रत करती है। यह सरकार ईश्वर के लोगों से भी नफ़रत करती है, यह शैतान की सरकार है।[10] दानिय्येल इस सरकार और इसका अनुसरण करने वाले लोगों को एक दुष्ट राक्षस के रूप में परिभाषित करता है।

दानिय्येल 7:7 में उल्लेख किया गया है, "फिर इसके बाद मैंने रात में अपना विज़न देखा और एक डरावना और भयानक [यह आज की शैतानी एक-दुनिया सरकार है], बेहद बलशाली चौथा जंगली जानवर [अंतिम धर्मनिरपेक्ष साम्राज्य] देखा; उसके लोहे के बड़े-बड़े दाँत हैं [अच्छे लोगों, उनके कारोबार और उनकी अर्थव्यवस्था को टुकड़े-टुकड़े करने के लिए]: वह सब कुछ निगल जाता है और हर चीज़ को चूर-चूर करता है, जो बच जाता है उसे अपने पैरों से रौंदता है [हर मिनट यह पृथ्वी पर प्रत्येक अच्छी वस्तु नष् कर रहा है]: यह पहले के सभी जंगली जानवरों [धर्मनिरपेक्ष साम्राज्यों] से भिन्न है" क्योंकि यह एक-दुनिया साम्राज्य है।

यशायाह पुस्तक के अध्याय 14 में उल्लेख है, "जिससे वे मनुष्यों को लगातार प्रचण्ड क्रोध से मार रहे थे [जैसा कि शैतान आज कर रहा है], देशों पर क्रोध से शासन कर रहे थे, [ईश्वर द्वारा] प्रताड़ित किए गए, अब कोई बाधा नहीं है [क्योंकि जब ईश्वर बाधा पहुँचाता है तो उसे कौन रोक सकता है?]" (यशायाह 14:6)।

जब दुनिया शांत होगी, तब वे कहेंगे, "जब से तू गिराया गया है तब से कोई हमें काटने नहीं आया। पाताल के नीचे अधोलोक में तुझ से [शैतान और तेरा अनुसरण करने वाले] मिलने के लिए हलचल हो रही है: वह तेरे लिए मुर्दों को अर्थात् पृथ्वी के सब सरदारों को जगाता है, वह देशों से सब राजाओं को उनके सिंहासन पर से उठाया करता है। वे सब तुझसे कहेंगे, क्या तू [शैतान] भी हमारी तरह निर्बल हो गया है? क्या तू हमारे ही समान बन गया है? तेरा वैभव और तेरी सारंगियों का शब्द अधोलोक में उतारा गया है; कीड़े तेरा बिछौना और केंचुए तेरा ओढ़ना हैं। हे भोर के पुत्र लुसीफर, तू क्योंकर आकाश से गिर पड़ा है! तू जो देशों को हरा दिया करता था, तू अब कैसे काटकर भूमि पर गिराया गया है! तू मन में कहता तो था कि मैं स्वर् पर चढ़ूँगा, मैं अपने सिंहासन को ईश्वर के तारामण्डल से अधिक ऊँचा करूँगा: उत्तर दिशा के छोर पर सभा के पर्वत पर विराजमान हूँगा: मैं मेघों से भी ऊँचे-ऊँचे स्थानों के ऊपर चढ़ूँगा, मैं परमप्रधान के तुल्य हो जाऊँगा। [यह मौजूदा सरकार ईश्वर बनने का प्रयास कर रही है। मूर्खता में वे सोचते हैं कि यह समय हमेशा चलता रहेगा। वे बेहद अज्ञानी हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब समय का अंत है।] परन्तु तू अधोलोक में उस गड्ढे की तह तक उतारा जाएगा। जो तुझे देखेंगे तुझ [शैतान] को ताकते हुए तेरे विषय में सोच-सोच कर कहेंगे, क्या यह वही पुरूष है जिसने पृथ्वी को चैन से नहीं रहने दिया था और साम्राज्यों में घबराहट पैदा कर दी थी; जिसने जगत को जंगल बना दिया था और उसके नगरों को ढहा दिया था; जिसने अपने बन्दियों को घर नहीं जाने दिया था? विभिन्न देशों के सब राजा अपने-अपने घर पर महिमा के साथ आराम से हैं। लेकिन तू घृणित शाखा के समान अपनी कब्र में से फेंका गया, तू उन मारे हुओं की लाशों से घिरा है जो तलवार से कटकर गड्ढे में पत्थरों के बीच में लताड़ी हुई लाश के समान पड़े हैं।" (यशायाह 14:8-19)।

बाइबल पढ़ने पर, आप जान सकते हैं कि शैतान से डरने अथवा उसकी कही हुई बातों में विश्वास करने का कोई लाभ नहीं, जैसा कि ईव ने ईडन गार्डन में किया था।[11] जब हम ईश्वर की अपेक्षा शैतान से डरते हैं, तो हम देख सकते हैं कि हम शैतान से डरने वालों और ईश्वर में विश्वास न करने वालों में से एक होंगे, इस वजह से हम हमेशा के लिए आग की झील में पड़े रहेंगे। एक बार फिर से, "क्योंकि ईश्वर ने हमें भय की नहीं शक्ति, प्रेम और एक स्वस्थ मस्तिष्क की आत्मा दी है" (2 तीमुथियुस 1:7)। नि:संदेह प्यार ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करना है।[12] यदि दानिय्येल

**8** व्यवस्थाविवरण 8:5-6, अय्यूब 5:17, नीतिवचन 3:11-12, 29:1, इब्रानियों 12:5-13, प्रकाशितवाक्य 3:19 **9** दानिय्येल 2:29-45, 7:7-12, 17-27

**10** दानिय्येल 8:1-26, 2 थिस्सलुनीकियों 2:6-10, प्रकाशितवाक्य 12:3, 9, 13:1-18, 14:9-11, 16:13-14, 17:1-15, 18:23-24, 19:19-21, 20:4 **11** उत्पत्ति 2:16-17, 3:1-6, यशायाह 14:9-17, युहन्ना 8:44, 10:10, 2 कुरिन्थियों 11:13-15, इफिसियों 4:27, 1 तीमुथियुस 4:1-2, इब्रानियों 2:1-3, 3:12-14, 18-19, 1 पतरस 5:8-9, 2 पतरस 2:19-22, 1 युहन्ना 4:1-3, प्रकाशितवाक्य 21:22-27 **12** मत्ती

## कैलिफोर्निया

प्रिय पास्टर टोनी,

मैं हांगकांग से हूँ और कैलिफोर्निया में रह रहा हूँ। मैं एक नास्तिक व्यक्ति था। कई माह पूर्व, अपने शोध के दौरान, मैंने पाया कि प्रत्येक चीज़ दुष् एक-दुनिया सरकार और शैतान से जुड़ी है। मैंने पाया कि यदि शैतान है तो ईश्वर की उपस्थिति भी अवश्य होगी, इसलिए मैं मोक्ष की तलाश में एक चर्च गया। मेरी पत्नी ने और मैंने ईश्वर से यह जानने के लिए प्रार्थना की कि मुझे किस चर्च में जाना चाहिए और अगले दिन आपका साहित्य मेरी विंडशील्ड पर था। इसकी पुष्टि करने के लिए दो बार और प्रार्थना करने के बाद, अगले दो सप्ताह हर बार आपका और साहित्य मेरी कार के बगल में मिला, इसलिए मैं जान गया कि ईश्वर चाहता है कि हम डेढ़ घंटे की दूरी पर स्थित आपके चर्च में जाएँ और ईश्वर के मार्गदर्शन के बाद हम वहाँ जा रहे हैं। ईश्वर की तारीफ़ करें और ईश्वर आपको आशीर्वाद दें।

B.Y.

कार्सन, कैलिफोर्निया

7:7 में उल्लिखित शैतान का भयानक चौथा साम्राज्य हमें डराने देता है तो क्या हमें ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा? जैसा कि प्रकाशितवाक्य 21:8 में उल्लेख किया गया है हम आग की झील में अनन्त काल गुज़ारेंगे। हमें प्रकाशितवाक्य पुस्तक के ग्यारहवें अध्याय में उल्लिखित दो गवाहों के साथ अवश्य खड़ा रहना चाहिए, जो इस पृथ्वी के ईश्वर के समक्ष खड़े होते हैं,[13] जो कि शैतान और उसकी एक-दुनिया सरकार है, नई विश्व व्यवस्था, "घृणा जो उजाड़ उत्पन्न करती है," यीशु ने मत्ती के चौबीसवें अध्याय के छंद 15 में उल्लेख किया है।[14] वे वहाँ उल्लेख करते हैं कि जब आप इस कष्टदायी सरकार को अपना गंदा सिर उठाते देखोगे, तब "पवित्र स्थान में खड़े हो जाना" (पवित्र आत्मा, ईश्वर का वचन), जिसका अर्थ है, "इसलिए सत्य से अपनी कमर कसकर, धार्मिकता का कवच पहन कर; पाँवों में सुसमाचार के तैयार जूते पहनकर और उन सबके साथ विश्वास की ढाल लेकर स्थिर रहो जिससे तुम उस दुष्ट के सब जलते तीरों को बुझा सको। उद्धार का टोप और आत्मा की तलवार, जो ईश्वर का वचन है, ले लो: हर समय और हर प्रकार से आत्मा [जीवन की नदी जो ईश्वर के सिंहासन से उत्पन्न होती है] में प्रार्थना और विनती करते रहो, इसलिए जागते रहो, कि सब पवित्र लोगों के लिए लगातार विनती किया करो" (इफिसियों 6:14-18)।

बहुत से लोग जो स्वयं को ईसाई कहते हैं वे "डरपोक और अविश्वासी" की श्रेणी में आते हैं, वे हमेशा के लिए आग की झील में रहेंगे। शैतान ने इसे उलटा कर दिया है ताकि नास्तिकता को सम्मानजनक माना जाए और ईसाईयत तिरस्कृत मानी जाए। लेकिन मैं प्रभु यीशु मसीह के नाम पर शैतान तुम्हें फटकार लगाता हूँ क्योंकि तुमने मेरे साथ अपराध किया है। तुम प्रभु और ईश्वर को अस्वीकार करते हो और मैं तुम्हें अस्वीकार करता हूँ।

ईसाई, "जब तुम घर में आओ तो इसे सलाम करना। यदि उस घर के लोग योग्य होंगे तो तुम्हारी शांति उन पर पहुँचेगी: परन्तु यदि वे योग्य न हों तो तुम्हारी शांति तुम्हारे पास लौट आएगी। जो कोई तुम्हें ग्रहण न करे और तुम्हारी बातें न सुने, उस घर या उस नगर से निकलते हुए अपने पाँवों की धूल झाड़ डालो" (मत्ती 10:12-14)।

मरकुस 8:31-34 में यीशु ने अपने शिष्यों को शिक्षा देना शुरू किया "मनुष्य के पुत्र के लिए आवश्यक है कि वह बहुत दुःख उठाए और बुजुर्ग, महायाजक और लेखक उसे तुच्छ समझकर मार डालें और वह तीन दिन बाद जी उठे। उसने यह बात साफ़- साफ़ कह दी। पतरस उसे अलग ले जाकर डाँटने लगा। परन्तु उसने [यीशु] मुड़कर अपने शिष्यों की ओर देखा और पतरस को डाँटकर कहा, हे शैतान, मेरी नज़रों से दूर हो जा: क्योंकि तू ईश्वर की बातों पर नहीं बल्कि मनुष्य की बातों पर मन लगाता है। उसने चेलों समेत भीड़ को अपने पास बुलाकर उनसे कहा, जो कोई मेरे पीछे आना चाहे, वह स्वयं से इनकार करे और अपना क्रूस उठाकर, मेरे पीछे हो ले।" "आपके पीछे हो लें, यीशु? इसका तात्पर्य हुआ कि हम बुजुर्गों, महायाजकों और लेखकों द्वारा अस्वीकार कर दिए जाएँगे? और यीशु हो सकता है हम मारे भी जाएँ, प्रतिदिन मरें, आपकी तरह अपना क्रूस उठाते हुए, यीशु? लेकिन यीशु, तब क्या, यीशु, यदि हम डरते हैं और विश्वास नहीं करते। क्या हमें सचमुच आग की झील में डाल दिया जाएगा और हम हमेशा के लिए वहाँ रहेंगे?" धर्मग्रंथ झूठ नहीं बोलते, ईश्वर द्वारा झूठ बोला जाना असंभव है(इब्रानियों 6:18)। यीशु सत्य है - "मार्ग, सत्य और जीवन" (युहन्ना 14:6)।

"क्योंकि जो कोई अपना प्राण बचाना चाहता है वह उसे खोएगा; लेकिन जो कोई मेरे और सुसमाचार के लिए अपना प्राण खोएगा, वह उसे बचाएगा। यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करे और अपनी आत्मा खो दे, तो उसे क्या लाभ होगा? अथवा मनुष्य अपनी आत्मा के बदले क्या देगा? जब पवित्र दूतों के साथ अपने पिता की महिमा सहित मनुष्य के पुत्र के आने पर जो कोई भी इस व्यभिचारी और पापी पीढ़ी के बीच मुझ से और मेरे वचनों से लज्जित होगा, वह तुमसे भी लज्जित होगा" (मरकुस 8:35-38)। "हाँ, लेकिन यीशु, यदि हम डरे हुए हैं, तो क्या हम हमेशा के लिए आग की झील में डाल दिए जाएँगे?" उसके वचन कहते हैं, यीशु के लिए झूठ बोलना असंभव है।[15]

इसलिए मेरे निर्देश इस बारे में इतने स्पष्ट हैं कि आत्मा में किस प्रकार बने रहना है, जीवन की नदी में किस प्रकार रहना है, जीवन के वृक्ष से किस प्रकार खाना है, जीवन की नदी में किस प्रकार तैरना है, जैसा कि पैगंबर यहेजकेल ने किया था (यहेजकेल, अध्याय 47)। एक बार आप जीवन की नदी में तर-बतर हो जाओगे तो प्राकृतिक, ईश्वरीय सहज प्रवृत्ति हमेशा के लिए जीवन की नदी, पवित्र आत्मा में रहना चाहती है। यदि आप जीवन की पवित्र आत्मा, जीवन की नदी में हैं, तो आप किसी भी बुराई से नहीं डरेंगे। आप जान जाएँगे कि ईश्वर आपके साथ है; भले ही आप मृत्यु की छाया वाली घाटी से गुज़रें, आप किसी भी बुराई से नहीं डरेंगे, क्योंकि ईश्वर आपके साथ है और हमेशा-हमेशा आपके साथ रहेंगे।[16] आप कभी भी डरपोकों और अविश्वासियों के बीच रहना पसंद नहीं करेंगे, क्योंकि वे पापियों की सूची में सबसे ऊपर हैं। एक बार फिर से, जो कोई अपना जीवन बचाता है वह इसे इसे खो देगा; लेकिन जो कोई मेरे और सुसमाचार के लिए अपनी जान खोता है वह इसे बचाएगा" (मरकुस 8:35)। नीतिवचन 28:1 में ईश्वर के वचन कहते हैं, "दुष्ट लोग जब कोई पीछा नहीं करता तब भी भागते हैं, परन्तु धर्मी लोग जवान सिंहों के समान निडर रहते हैं।"

इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि शाश्वत जीवन राप्त करने के लिए हमें पृथ्वी पर किस-किस मुश्किल से गुज़रना पड़ता है, क्योंकि यह जीवन बहुत छोटा है। [17] आज सुबह मुझे ऐसा लगा जैसे मैं केवल छह वर्ष का हूँ, जबकि 20 सितम्बर, 2015 को मैं पहले से ही इक्यासी वर्ष पूरे कर चुका हूँ। लेकिन जब हम स्वर्ग में जाएँगे और वहाँ 10,000 वर्ष रहेंगे, तब वह सिर्फ़ शुरुआत होगी, क्योंकि शाश्वतता

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

## उगांडा

प्रिय पास्टर,

मानवता के प्रति बड़े खतरों के बारे में इतना गहरा और मूलभूत सत्य छापने के लिए आप द्वारा लिए गए ठोस और निश्चित आधार के आपके मिशन के लिए हमारी मिनिस्ट्री आपका हार्दिक अभिवादन करती है। मैंने आपका साहित्य पढ़ा जो बेहद ज्ञानवर्धक, प्रेरक और शिक्षाप्रद था। प्रिय मिनिस्टर ऐसे सत्यों को बताने और उजागर करने के लिए आपका धन्यवाद। आपने इस सत्य से हमें भी शत्रु पर हमला करने में बहुत अधिक मदद की है। इतने अच्छे साहित्य के माध्यम से दुनियाभर में ईश्वर के लाखों लोगों की इतनी शक्तिशाली और बहुत अच्छी मिनिस्ट्री से मदद जारी रखने के लिए ईश्वर आपकी रक्षा करें, बचाव करें और आपकी सहायता करें। यूगांडा में, मेरी टीम इस सत्य से अनेक लोगों को शक्तिसम्पन्न करने के लिए तैयार है। आप इस साहित्य से हमें और अधिक मज़बूत करें ताकि हम ऐसे दुष्ट संदेशवाहकों से रक्षा करने के लिए अनेक अन्य लोगों तक पहुँच सकें।

उसके वाइनयार्ड में आपका,
श्रद्धेय एम.एन.एम.
रिवाइवल बाइबल एक्सपोजिटर चर्चेज
कम्पाला, उगांडा

---

25:31-46, युहन्ना 14:15, 21, 23-24, 15:10, 14, 1 युहन्ना 2:3-6, 3:22, 24, 5:2-3, 2 युहन्ना 1:6 **13** जकर्याह अध्याय 4, प्रकाशितवाक्य 11:3-13 **14** दानिय्येल 8:9-14, 11:31, 12:11 **15** गिनती 23:19, 1 शमूएल 15:29, यशायाह 40:8, मत्ती 24:35, इब्रानियों 6:17-18, 1 पतरस 2:22, 1 युहन्ना 3:5 **16** व्यवस्थाविवरण 31:6, 8, 2 इतिहास 15:2, एज्रा 8:22, भजन संहिता 27:10, मत्ती 28:18-20, युहन्ना 16:33, इब्रानियों 13:5-6, 1 युहन्ना 4:4 **17** 1 इतिहास 29:15, अय्यूब 4:17-21, 7:6-10, 9:25-26, 14:1-2, भजन संहिता 22:29, 39:4-6, 90:10, यशायाह 2:22, 40:6-7, याकूब 1:10-11, 4:14, 1 पतरस 1:23-25

# डरपोक और अविश्वासी

*(पृष्ठ 3 से जारी)*

लाखों और करोड़ों वर्षों की होती है। स्वयं को हल्के में न लें। अपने और अपने प्रियजनों, और उनके लिए जिनके लिए आप उत्तरदायी हैं, प्रभु में रहना जारी रखें। जीवन की नदी में प्रवेश करें, प्रभु यीशु जो हैं, पवित्र आत्मा हैं, वहाँ हमेशा के लिए रहें। यदि आप की रक्षा नहीं हुई है तो ईश्वर से यह प्रार्थना करें:

मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[18] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[19] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[20] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को पवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है।[21] मेरे पापों की स्वीकारोक्ति को सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए वे ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[22] हे प्रभु यीशु, मैं अपने दिल के दरवाज़े खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[23] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[24] प्रभु यीशु, आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ़ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[25] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे, उनमें मैं भी शामिल हूँ।[26] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[27] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[28]

---

मोक्ष के बाद, यीशु ने बपतिस्मा होने, पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में गोता लगाने को कहा[29] बाइबल सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया द्वारा प्रकाशित (अंग्रेज़ी – किंग जेम्स संस्करण) बाइबल के किंग जेम्स संस्करण (10W 0055/2004/17M PL) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[30]

यीशु और पिता ईश्वर अब पवित्र आत्मा के माध्यम से आप में निवास करते हैं। एक तरीका है जिससे आप अपने अंदर ईश्वरीय प्रकृति का पूरा हिस्सा पा सकते हैं। ईश्वरीय प्रकृति जितनी अधिक आपके अंदर होगी, आप उन प्रलोभनों के विरुद्ध उतना ही अधिक मज़बूती से खड़े हो सकेंगे, जिनकी वजह से कई लाख ईसाई मोक्ष से विमुख हो गए। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा के लिए प्रार्थना करें। पवित्र आत्मा में बपतिस्मा पाने के निर्देश प्राप्त करने के लिए और ईश्वर की और अधिक पवित्र प्रकृति प्राप्त करने के लिए, हमारा साहित्य मँगाएँ अथवा फोन करें। बिना पवित्रता के, कोई भी व्यक्ति ईश्वर को नहीं देख सकता (इब्रानियों 12:14)।

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पास्टर टोनी अलामो के साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम आपको साहित्य नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें फोन करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को अन्य लोगों के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा, "क्या [तुम] ईश्वर को लूटोगे? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक 'दशमांश' का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], और मेज़बानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेज़बानों के लॉर्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह तुम्हारी ज़मीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेज़बानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी ज़मीन खुशहाल होगी" (मलाकी 3:8-12)।

---

**18** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **19** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **20** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 5:9 **21** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **22** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **23** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशितवाक्य 3:20 **24** इफिसियों2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशितवाक्य 1:5, 7:14 **25** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों1:7, कुलुस्सियों 1:14 **26** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **27** इब्रानियों 11:6 **28** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशितवाक्य 7:14, 22:14 **29** मत्ती 28:18-20, युहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 **30** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशितवाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078
चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइनः +1 (661) 252-5686 • Fax +1 (661) 252-4362
www.alamoministries.com • taoffice @alamoministries.com

***टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यकत वस्तुएँ उपलब्ध हैं।***

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएँ होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, +1 (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क परिवहन सेवा मुहैया कराई जाती है। न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएँ रात को होती हैं। सूचना के लिए कृपया +1 (908) 937-5723 पर कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

**इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलेक्ट) पर फोन करें।**

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपीराइट अक्तूबर 2015 सर्वाधिकार सुरक्षित वर्ल्ड पास्टर टोनी अलेमो ® रजिस्टर्ड अक्तूबर 2015

HINDI—VOLUME 22200—THE FEARFUL AND UNBELIEVING